कार्यालय नगरपरिषद्, चित्तौड़गढ़

क्रमांकः— भूमि / 2016 / 15-19 दिनांक 1-4-16

आम सूचना

नगरपरिषद् चित्तौड़गढ़ द्वारा मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत **EWS** एवं **LIG** वर्ग हेतु एक्सिस बैंक के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये। प्राप्त कुल 1501 आवेदन पत्रों की जांच पश्चात 1350 आवेदक पात्र एवं 151 आवेदक अपात्र पाये गये। अपात्र आवेदकों की सूची अपात्र होने के कारणों सहित नगरपरिषद् चित्तौड़गढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। इच्छुक अपात्र आवेदक अपने आवेदन पत्र में अपात्रता की पूर्ति करना चाहे तो दिनांक 04.04.2016 से 11.04.2016 तक कार्य दिवस में कार्यालय समय में नगरपरिषद् चित्तौड़गढ़ के कमरा नं. 34 में उपस्थित होकर श्री श्रीचन्द नेभनानी से सम्पर्क कर पूर्ति कर सकते है। बाद समयावधि के आवेदन पत्र को निरस्त कर लॉटरी निकालने की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त सूची चित्तौड़गढ़ की वेबसाइट www.chittorgarhmc.com पर भी देखी जा सकती है। सूचित रहें।

1/4/16
आयुक्त
नगरपरिषद्, चित्तौड़गढ़

क्रमांकः— भूमि / 2016 / दिनांक ....

प्रतिलिपिः—

1. श्री सभापति महोदय, नगरपरिषद् चित्तौड़गढ़ को सूचनार्थ।
2. श्री श्रीचन्द नेभनानी, फायरमेन, भूमि शाखा, नगरपरिषद् चित्तौड़गढ़ को सूचनार्थ।
3. विज्ञापन शाखा, नगरपरिषद् चित्तौड़गढ़ को समाचार पत्रों में प्रकाशित हेतु।
4. श्री राजेश लोठ, को सार्वजनिक सूचना तंत्र से सूचना प्रसारण हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

1/4/16
आयुक्त
नगरपरिषद्, चित्तौड़गढ़